प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 12.03.2026**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का शुभारंभ किया।

2– प्रदेश में गैस सिलेंडर की किल्लत का मुद्दा आज विधानसभा में गूंजा।

3– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गुवाहाटी से जारी करेंगे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त।

और

4– प्रदेश के मौसम में अगले दो–तीन दिनों के दौरान बदलाव होने की संभावना–बस्तर संभाग के कुछ जिलों में हो सकती है बारिश।

.........

<u>मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस योजना से लगभग अट्ठाईस लाख बयालिस हजार बिजली उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। करीब एक हजार पांच सौ छियासठ करोड़ रुपये के बकाया प्रकरणों का समाधान होगा। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को लगभग सात सौ संतावन करोड़ रुपये की राहत मिलेगी।

रसोई गैस आपूर्ति–निर्देश

भारत में रसोई गैस एलपीजी के घरेलू उत्पादन में लगभग पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति बढ़ाने के लिए उठाए गए कई कदमों के बाद हुई है।

भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड– बीपीसीएल ने नागरिकों को आश्वासन दिया है कि सरकार एलपीजी आयात को सुचारू और निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

विधानसभा–बर्हिगमन

राज्य विधानसभा में आज प्रदेश में गैस सिलेंडर की किल्लत का मुद्दा गूंजा। शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने स्थगन प्रस्ताव पेश करते हुए इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति में कमी की वजह से लोग परेशान हैं। इस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि यह राज्य का नहीं, केन्द्र का विषय है, इसलिए इस पर विधानसभा में चर्चा नहीं हो सकती। इसके बाद पक्ष–विपक्ष में तीखी नोंकझोंक हुई।

कांग्रेस विधायक भूपेश बघेल ने कहा कि गैस सिलेंडर नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं, इसलिए इस मुद्दे पर चर्चा कराई जानी चाहिए। सभापति ने विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य कर दिया। आसंदी ने कहा कि यह केंद्र का विषय है, इसलिए इस पर चर्चा नहीं की जा सकती। इससे नाराज विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन से बर्हिगमन कर दिया।

विधानसभा कार्रवाई

विधानसभा में आज भारतीय जनता पार्टी के विधायक पुन्नूलाल मोहिले ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से मुंगेली जिले की सड़कों की दयनीय स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुंगेली जिले के कई गांव के सड़के क्षतिग्रस्त हैं। जिसकी वजह से होने वाली दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान जा चुकी है। जवाब में लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव ने बताया कि पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की नौ सड़कों सहित अट्‌ठारह सड़कों का रखरखाव किया जा रहा हैं।

कांग्रेस विधायक चातुरी नंद ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सदन में कृषि उपकरणों और संबंधित सब्सिडी के वितरण में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के आरोप लगाए। अपने जवाब में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कांग्रेस विधायक के आरोपो का खंडन किया। मंत्री ने बताया कि किसानों को उनकी पसंद के अनुसार विभिन्न कंपनियों के ट्रैक्टर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों से संबंधित ग्यारह हजार सात सौ बासठ करोड़ तिरपन लाख रूपए की अनुदान मांगें चर्चा के बाद पारित कर दी गईं।

किसान सम्मान निधि–राशि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल तेरह मार्च को असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लगभग नौ करोड़ बत्तीस लाख किसानों के बैंक खातों में अट्‌ठारह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए एआई–आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म, भारत विस्तार के पहले चरण का शुभारंभ

किया है। यह किसानों को कृषि संबंधी प्रश्नों की व्यापक जानकारी प्रदान करेगा। इसके अंतर्गत किसानों को उनकी अपनी भाषाओं में फोन कॉल के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छत्तीसगढ के चौबीस लाख इकहत्तर हजार से अधिक किसानों के खाते में भी चार सौ अंठानवे करोड़ तिरासी लाख रूपए की राशि अंतरित की जाएगी। इस दिन को प्रदेश के सभी जिलों में पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पीएम किसान उत्सव के तहत प्रदेश की विभिन्न ग्राम पंचायतों में किसान बैठकों का आयोजन करने के साथ ही प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम तथा उप चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम के अनुसार स्थानीय निकायों की निर्वाचक नामावली आगामी एक अप्रैल की स्थिति के आधार पर तैयार की जाएगी। जिन मतदाताओं के नाम संबंधित स्थानीय निकाय के क्षेत्र, वार्ड अथवा पंचायत से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में दर्ज होंगे, वही मतदाता स्थानीय निकायों की निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने के लिए पात्र होंगे। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दावा–आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि तेईस अप्रैल निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन पांच मई को किया जाएगा।

गौरतलब है कि नगरीय निकाय उपचुनाव के तहत नगरपालिका परिषद सारंगढ और शिवपुर–चरचा में अध्यक्ष के दो और पार्षदों के पंद्रह पद रिक्त हैं। इसके अलावा नगर पंचायत घुमका, बम्हनीडीह, शिवनंदनपुर और पलारी में अध्यक्ष के चार पद के साथ ही पार्षदों के साठ पद रिक्त हैं। इसी प्रकार, त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य के आठ, सरपंच के अठहत्तर और पंच के एक हजार छप्पन पद रिक्त हैं। इस प्रकार प्रदेश के तैंतीस जिलों में कुल एक हजार एक सौ बयालीस रिक्त पदों पर चुनाव होना है।

अफीम खेती

बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिपुरी घोसराडांड़ में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों पर एन.डी.पी.एस.एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि पुलिस ने लगभग चार हजार तीन सौ पैंतालीस किलो अफीम जब्त की है, जिसका मूल्य चार करोड़ पचहत्तर लाख रूपए आंका गया है।

इस बीच, दुर्ग जिले के समोदा–झेनझरी गांव के बीच अवैध रूप से हो रही अफीम की खेती के मामले में दुर्ग पुलिस ने चौथे आरोपी को राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार किया है।

दुर्घटना

नारायणपुर जिले में हुए एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि, पच्चीस से अधिक लोग घायल हो गए हैं। यह हादसा नारायणपुर–ओरछा मुख्य मार्ग पर झारा घाटी गांव के पास हुआ, जहां एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन में तीस से अधिक लोग सवार थे। सड़क हादसे में दो महिला सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, घायलों को नारायणपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तीजन बाई–स्वास्थ्य

पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई की तबीयत अचानक बिगड़ गई है जिसके बाद उन्हें रायपुर के एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्हें न्यूरो सर्जरी वार्ड के आईसीयू में रखा गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सत्तर वर्षीय तीजन बाई पिछले दो वर्षों से लकवे की बीमारी से पीड़ित हैं। फिलहाल डॉक्टर उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

आदि परब

नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान परिसर में कल तेरह मार्च से 'परम्परा से पहचान तक' की थीम पर ''आदि परब'' का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और झारखंड के जनजातीय कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम में राज्य के चिन्हांकित तैंतालीस जनजातियों और उपजातियों की संस्कृति, परिधान और चित्रकला का प्रदर्शन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कला और परंपराओं को राष्ट्रीय मंच देने के उद्देश्य से आदि परब का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान यूपीएससी की परीक्षा में चयनित अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी डायमंड सिंह ध्रुव और अंकित साकनी का सम्मान किया जाएगा।

मौसम

बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण प्रदेश के मौसम में अगले दो–तीन दिनों के दौरान बदलाव होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार मध्य क्षोभमंडल में एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके प्रभाव से प्रदेश के मौसम में व्यापक असर होगा। मौसम विभाग ने कल बस्तर संभाग के कुछ जिलों में वर्षा होने की संभावना जताई है। वहीं, चौदह मार्च को दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। इसके अलावा पंद्रह और सोलह मार्च को प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की बात कही है। वहीं, कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की आशंका है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>